Printed Pages – 4

I-54

B.A. (Part-II) Examination, 2020

HINDI LITERATURE

Paper - II

(हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : प्रत्येक इकाई से प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

इकाई–I

Q. 1. निम्नलिखित गद्यांश में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3=21

(क) "मैं तो इस नगर में एक क्षण भर भी नहीं रहूँगा। देख मेरी बात मान नहीं पीछे पछताएगा। मैं तो जाता हूँ, पर इतना कहे जाता हूँ कि कभी संकट पड़े तो हमारा स्मरण करना।"

(ख) बैर क्रोध का आचार या मुरब्बा है। जिससे हमें दुःख पहुँचा है, उस पर यदि हमने क्रोध किया और यह क्रोध यदि हमारे हृदय में बहुत दिनों तक टिका रहा तो वह बैर कहलाता है। इस स्थायी रूप में टिक जाने के

कारण क्रोध का वेग और उग्रता तो धीमी पड़ जाती है, पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बराबर बहुत काल तक हुआ करती है।

(ग) अमराई से जुड़ने का अर्थ होता है बसंत से जुड़ना। बसंत की तैयारी से जुड़ना, जीवन की नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना, शक्ति से सघन श्यामल प्रसार से जुड़ना, संगीत मातृ का दूर्वादल श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसमन और फलन की समग्रता से जुड़ना, प्रकृति के एकताल व समाज की समरस्वता से और फलन की समग्रता से जुड़ना।

(घ) "खूब जानते हैं हमारी पोजीशन। जिस दिन तुमने मुझे यहाँ ला बसा दिया, उसी वक्त हमारी पोजीशन जाहिर हो गई। सारी आदतें बच्चों की खराब हो गईं। गन्दगी पसंद हो गये बच्चे। सदा रोनी सूरतें बना कर घूमने लगे। पढ़ने-लिखने से जी चुराने लगे।"

इकाई–II

Q. 2. अंधेर नगरी में व्याप्त समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालिए। 12

अथवा

'उस अमराई ने राम-राम कही है' – निबंध का सारांश लिखिए।

इकाई–III

Q. 3. 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के आधार पर औरंगजेब का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

अथवा

'दस हजार' एकांकी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

इकाई–IV

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबंधों की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) राहुल सांकृत्यायन के साहित्य की विवेचना कीजिए।

(ग) हबीब तनबीर का नाट्य कला को योगदान पर टिप्पणी लिखिए।

(घ) महादेवी वर्मा की गद्य शैली की विशेषताएं लिखिए।

(ङ) मम्मी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

इकाई–V

Q. 5. निम्नलिखित में से 15 प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **1×15=15**

(1) स्ट्राइक एकांकी के लेखक कौन हैं ?

(2) सदाचार का ताबीज किसकी रचना है ?

(3) महादेवी वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

(4) बिसाखा राम किस एकांकी के पात्र हैं ?

(5) हरिश्चंद्र का जन्म कब हुआ था ?

(6) 'बेइमानी की परत' निबंध के लेखक का नाम लिखिए।

(7) महादेवी वर्मा की दो एकांकी का नाम लिखिए।

(8) 'चिंतामणी' किसकी रचना है ?

(9) 'मम्मी ठकुराइन' के लेखक कौन हैं ?

(10) 'अंधेर नगरी' नाटक किसने लिखा है ?

(11) औरंगजेब की पुत्री का नाम बताइए।

(12) 'दस हजार' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।

(13) 'चरनदास चोर' किसकी रचना है ?

(14) 'दीप शिखा' के लेखक का नाम लिखिए।

(15) पाठ्य पुस्तक की किसी एक एकांकी का नाम लिखिए।

(16) श्री चंद किस एकांकी के पात्र हैं ?

(17) 'बेइमानी की परत' किसकी रचना है ?

(18) 'क्रोध' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(19) भारतेन्दु हरिश्चंद्र के नाटक का नाम लिखिए।

(20) 'अंधेर नगरी' नाटक के प्रमुख पात्र का नाम लिखिए।